an>

Title: Need to extend deadline for mustard procurement in Gujarat.

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन के समक्ष गुजरात के बनासकांठा के किसानों के लिए प्रश्न उठाना चाहता हूँ । महोदय, हमारे यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के अन्नदाता की आय को दोगुना करने के सपने को प्राप्त करने के लिए देश के किसान भाइयों द्वारा उपजाई गई पैदावार का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है । इसी के मुताबिक गुजरात में सरसों की खरीदारी की जा रही है । सरसों को खरीदने की अवधि 30 जून को पूरी हो रही है । सरकार ने जो मुद्दत दी थी, किसानों का जो रजिस्ट्रेशन हुआ है, उसमें से मात्र 25 प्रतिशत खरीद ही की गई है । 75 प्रतिशत की खरीदारी अभी बाकी है । यह अवधि थोड़ी लम्बी की जानी चाहिए, ताकि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने

जो मिनिमम सपोर्ट प्राइस किसानों के लिए तय किया है, वह उनको मिल सके । मैं आपके माध्यम से कृषि मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ कि यह अवधि जल्द से जल्द बढ़ाई जाए ।

माननीय अध्यक्ष :

डॉ. किरिट पी. सोलंकी एवं

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री परबतभाई सवाभाई पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।